# HILLVIEW TIMES

## HILLVIEW PUBLIC SCHOOL SIMDEGA

Samtoli Kurdeg Road, Simdega, Jharkhand - 835 235
Tel. : 8292322292, E-mail : hillviewpss@gmail.com

Run and Managed by : Ramawtar Ji Memorial Trust

CBSE Affiliation No : 3430725 | SCHOOL CODE 66946 (UPTO SECONDARY LEVEL)




In the Loving memory of
Late Ramawtar Ji
(19.11.1925 - 10.03.2011)

# UDAAN
# FOOT PRINT
## 2017-2026

NOT FOR SALE. PRINTED AND DISTRIBUTED FREE BY HILLVIEW PUBLIC SCHOOL SIMDEGA FOR INFORMATION OF SCHOOL ACTIVITIES

### SCHOOL VALUES

- Respect, Integrity, Care, Harmony, Excellence, Responsibility

### VISION

- HILLVIEW PUBLIC SCHOOL SIMDEGA – A place where everyone is valued and learning is cherished in a safe, caring and supportive environment. Where everyone is inspired to be the best they can be.

### • Affiliation with in the span of Six years

**हिलव्यू पब्लिक स्कूल की ऐतिहासिक उपलब्धि -मात्र 6 वर्षों में संबद्धता प्राप्त कर रचा नया कीर्तिमान**



हिल व्यू स्कूल में ट्रायल क्लास में शामिल हुए बच्चे

सिमडेगा| सामटोली के कुरडेग रोड स्थित हिल व्यू पब्लिक स्कूल में आयोजित ट्रायल क्लास में काफी संख्या में नन्हें-मुन्ने शामिल हुए। बच्चों ने कक्षा में शिक्षक-शिक्षिकाओं की बातें सुनी और प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत किया। इस दौरान बच्चे बहुत खुश नजर आए। इधर अभिभावकों ने भी कहा कि ट्रायल क्लास को देख वे संतुष्ट हैं और वे अपने बच्चों को इसी विद्यालय में पढ़ाना चाहेंगे। विद्यालय प्रबंधन के पदधारियों ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है। नन्हें बच्चों को देश का जिम्मेवार नागरिक बनाने की दिशा में प्रबंधन सक्रिय है।

1st Day of School - 3rd March 2017

हिलव्यू पब्लिक स्कूल के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय रहा है कि विद्यालय को अपनी स्थापना के केवल 6 वर्षों के भीतर संबद्धता प्राप्त हुई। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि विद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शी सोच, प्राचार्य के सक्षम नेतृत्व, शिक्षकों के सतत परिश्रम तथा विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है।



इस तरह के आयोजनों से छात्रों में कलात्मक और रचनात्मक क्षमता का विकास होता है : प्राचार्या

हिलव्यू के 100 विद्यार्थी बने जूनियर एडिटर, बना रहे अखबार

अल्प समय में यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि हिलव्यू पब्लिक स्कूल ने प्रारंभ से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और सर्वांगीण विकास को अपना लक्ष्य बनाया। संबद्धता प्राप्त होने से न केवल विद्यालय की शैक्षणिक पहचान सुदृढ़ हुई है, बल्कि अभिभावकों का विश्वास भी और अधिक मजबूत हुआ है।

**शिक्षिका पूजा दत्ता को मिला मंजू गार्गी सम्मान**



भास्कर न्यूज | सिमडेगा

हिलव्यू पब्लिक स्कूल की शिक्षिका पूजा दत्ता को प्रसिद्ध मंजू गार्गी सम्मान से सम्मानित किया गया है। रांची के टेंडर हार्ट विद्यालय में आयोजित राज्य स्तर सम्मान समारोह में झारखंड, बिहार और ओडिशा के कई शिक्षकों ने भाग लिया और सम्मानित हुए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और तारक मेहता फेम एवं भारतीय कलाकार शैलेश लोढ़ा उपस्थित थे। इस समारोह में 20 राज्यों से कई शिक्षकगण ससम्मान सम्मिलित हुए। शैलेश लोढ़ा ने कहा कि शिक्षक वर्ग एक ऐसा वर्ग है जो हमारे समाज में सबसे शीर्षस्थ स्थान रखता है। उन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रतीक चिन्ह के अतिरिक्त दस हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन निर्देशक समुद्र गुप्त, प्राचार्य पूनम मिलिंद, उप प्राचार्य दया किशोर एक्का और विद्यालय मीडिया प्रभारी शिक्षिका ज्योति झा ने पूरे विद्यालय की ओर से पूजा दत्ता को उनके इस उपलब्धि और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

Gargi Manju Samman - 1st Time in Simdega

यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणास्रोत है और भविष्य में शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।




Jharkhand ke Gaurav

वर्ष 2023 हमारे विद्यालय के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण रहा। देश के प्रमुख अखबार "दैनिक भास्कर" ने झारखण्ड में उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य कर रही शिक्षण संस्थाओं में हमारे विद्यालय को भी चुना और हमारे विद्यालय के निदेशक समुद्र गुप्त को "झारखंड के गौरव" के रूप में सम्मानित किया। एक छोटे से जिले सिमडेगा में अंग्रेजी माध्यम के निजी विद्यालय की व्यवस्था के मैनेजमेंट को एक प्रतिष्ठित अखबार प्रबंधन द्वारा सम्मान से नवाजा जाना हमारे लिए बड़ी उपलब्धि रही।

यह सम्मान दैनिक भास्कर के झारखण्ड संस्करण के द्वारा सिमडेगा में विद्याअध्ययन के क्षेत्र में विद्यालय द्वारा किये जा रहे अपने सराहनीय योगदान , अनूठे प्रयास और छात्रों के प्रति अपने समर्पण के लिए दिया गया।

सिमडेगा में शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय द्वारा किये गए आमूल बदलाव पहल एवं प्रयास को सराहते हुए दैनिक भास्कर ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करके "झारखण्ड के गौरव " सम्मान से सम्मानित किया। झारखण्ड के सभी चयनित प्रतिभाओं के साथ रांची के रैडिसन ब्लू होटल में सम्मान समारोह में झारखण्ड के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी, वर्तमान राज्य रक्षा मंत्री श्री संजय सेठ और श्रीमती अन्नपूर्णा देवी केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री (वर्ष 2023 में ) के हाथों सम्मानित होने के गौरव प्राप्त हुआ था।

## विद्यालय संचालक की कलम से

**शिक्षा, विश्वास और भविष्य की ओर**



हमारे लिए विद्यालय केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सपनों को आकार देने का एक संकल्प है।
हमारे विद्यालय की सबसे बड़ी ताकत हमारे समर्पित शिक्षक हैं, जो निरंतर मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य कर रहे हैं। हमारा विज़न केवल शैक्षणिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को आत्मविश्वासी, अनुशासित और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार नागरिक बनाना है।

एक छोटे शहर सिमडेगा में स्थित होने के बावजूद, हिल व्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा ने यह सिद्ध किया है कि उत्कृष्ट शिक्षा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं होती। सिमडेगा जैसे छोटे शहर में रहते हुए भी हिल व्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा ने यह विश्वास जगाया है कि बड़े सपनों के लिए बड़े शहर जरूरी नहीं होते। हम उच्च स्तर की पुस्तकों का चयन, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का उपयोग और सकारात्मक व प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण प्रदान कर बच्चों को बड़े शहरों के विद्यार्थियों के समकक्ष अवसर देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि यहाँ के विद्यार्थियों को गुणवत्ता, मार्गदर्शन और संसाधनों की ऐसी सुविधा मिले, जिससे वे किसी भी राष्ट्रीय या वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। सिमडेगा में अंतराष्ट्रीय ओलिंपियाड की प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित करने वाला एकमात्र विद्यालय होना - हमारी इस दृढ़निश्चयता को दर्शाता है।

हम शिक्षा को एक सशक्त माध्यम मानते हैं, जो हर बच्चे के सपनों को दिशा देने और उसके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने में सहायक बनता है। हम उनके भविष्य के मजबूत साथी बनकर उनके सपनों की उड़ान में सहायक बनना चाहते हैं।"

अंततः - एक प्रबंधक और निदेशक के रूप में मैं विद्यालय सफलता के इन आठ वर्षों के सफर में सामिल हमारे सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं गैर-शिक्षण सहयोगी स्टाफ का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके समर्पण और विश्वास से हमारा विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है।

धन्यवाद
**समुद्र गुप्त**

## Message from the Desk of Principal



Dear Students, Parents, and Staff, It gives me great pride and joy to present the 1st edition of our school newsletter in 2027. Each page reflects not only achievements, but also dedication, resilience, and the spirit of continuous growth that defines our school community. Education is the most powerful tool that shapes character, builds confidence, and opens doors to endless possibilities. True success is not measured only by marks or medals, but by the courage to try, the willingness to learn from mistakes, and the determination to never give up. I encourage every student to dream big, work hard, and believe in their potential. Remember, today's efforts are the foundation of tomorrow's achievements.

Our teachers remain committed to guiding, mentoring, and inspiring young minds. Their passion and dedication help transform classrooms into spaces of curiosity, creativity, and innovation. I also extend my heartfelt gratitude to our parents for their constant support and partnership in this journey of learning. Let us continue to move forward with positivity, discipline, and a strong sense of purpose. Together, we can create an environment where every child feels valued, empowered, and motivated to excel. Wishing you all confidence, courage, and continued success.

Warm regards,

**Mrs. Poonam Milind**

## उप प्रधानाचार्य के कलम से



महात्मा गांधी के शब्द में- "शिक्षा का उद्देश्य बच्चे के शरीर, मन और आत्मा में छिपी श्रेष्ठता को बाहर लाना है।" इसी विचारधारा को आधार बनाकर हमारा विद्यालय शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि ऐसे नागरिक तैयार करने का संकल्प निभाता है जो जिम्मेदार, संवेदनशील, उत्पादक और समाज के लिए उपयोगी हों।

हम कक्षा में ऐसा वातावरण निर्मित करते हैं जहाँ विद्यार्थी *सोचें, प्रश्न करें, जाँचें, विश्लेषण करें और स्वतंत्र रूप से अपने विचार विकसित करें*। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा अपनी प्रतिभा का सर्वोत्तम उपयोग कर सके और अपनी कौशल क्षमता को आत्मविश्वास के साथ निखार सके।

विद्यालय प्रबंधन की *नवाचारी सोच और दूरदर्शी नेतृत्व* के सहयोग से हम प्रगतिशील, आधुनिक और मूल्य-आधारित शिक्षा को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक विद्यार्थी *21वीं सदी के कौशल, **अनुभवात्मक अधिगम, और **जीवन-कौशल आधारित शिक्षा* के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो।

हम संज्ञानात्मक (Cognitive), भावात्मक (Affective) और मनोदैहिक (Psychomotor) क्षेत्रों में सीखने को समृद्ध करने के लिए उन्नत शिक्षण विधियों, कला-संलग्न गतिविधियों और विविध शिक्षण रणनीतियों का उपयोग कर रहे हैं।

हम अपने विद्यार्थियों को *वैश्विक नागरिकता* की ओर अग्रसर करते हुए विकसित राष्ट्रों के समकक्ष खड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी उद्देश्य से हम नई शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप आवश्यक परिवर्तन लागू कर रहे हैं।

प्रिय अभिभावकों,

आप हमारे इस मिशन के महत्वपूर्ण सहभागी हैं। हम आपको आमंत्रित करते हैं कि अपने बच्चे की *समग्र प्रगति, **मूल्य-संस्कार, और **जीवन की संभावनाओं के विस्तार* की इस यात्रा में हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। आपका सहयोग, विश्वास और सहभागिता ही हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है।

सादर,
**दया किशोर एक्का**

## • Utkarsh Raj International Rank -1 2024-25



हिलव्यू पब्लिक स्कूल, सिमडेगा को अंतराष्ट्रीय गौरव हिलव्यू पब्लिक स्कूल, सिमडेगा के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय रहा है कि विद्यालय के होनहार छात्र उत्कर्ष राज ने प्रतिष्ठित IMO (इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड) में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं सिमडेगा जिले का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। यह असाधारण उपलब्धि उसकी अथक मेहनत, लगन तथा शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है।

## • Kavya Agarwal – Class 8 (Session 2024-25)

### हिलव्यू पब्लिक स्कूल के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि रही काव्य अग्रवाल द्वारा लिखा गया उत्कृष्ट पत्र

भारतीय डाक विभाग के द्वारा आयोजित पत्र लेखन प्रतियोगिता में वर्ग आठ के छात्र काव्य अग्रवाल ने पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त करके विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया। श्रेष्ठ पत्र लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ₹10,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई थी। काव्य ने अपने प्रभावशाली विचारों, सशक्त भाषा और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से निर्णायकों को अत्यंत प्रभावित किया। यह हिलव्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा के उत्कृष्ट शिक्षण शैली और काव्य अग्रवाल के कठिन परिश्रम का परिणाम है कि उसने इस उत्क्रिस्ट और कठिन प्रतिस्पर्धा में अपना जगह सुनिश्चित किया।





## • SPOTLIGHT ON OUR VIBRANT CLUBS!

Our school's clubs are buzzing with activity, and here's a glimpse into what each one brings to our community:

### SOCIAL SERVICE CELL




**-Social Service Cell :** Making a difference, one act at a time! From organizing charity drives to volunteering at local shelters, they're spreading kindness and compassion.




**-Literary Association:** Unleashing creativity and sparking debates! Whether it's writing workshops, book discussions, or poetry slams, they're nurturing the next generation of wordsmiths.




**- Cultural Association:** Celebrating diversity and showcasing talent! Through music, dance, art, and drama, they're keeping our traditions alive and vibrant.

**- Safe Club:** Keeping us safe and informed! From workshops on cyber safety to emergency preparedness, they're empowering us to be proactive and responsible.

### House Spirit 2025 – Our Four Houses, Our Strength

Our school's four houses – APJ Abdul Kalam, Homi J Bhabha, C V Raman, and Vikram Sarabhai – are the heartbeat of student life, each with its unique spirit and focus.

| Common Objectives: | What Students Gain: |
|---|---|
| - Nurture leadership, teamwork, and personal growth. | - Confidence, critical thinking, and problem-solving skills. |
| - Encourage academic excellence, creativity, and social Responsibility. | - Leadership opportunities and experience in collaboration. |
| - Foster a sense of community and healthy competition. | - A sense of belonging, empathy, and social awareness. |
| | - Physical fitness, creativity, and environmental consciousness. |

Through their activities and spirit, our houses shape well-rounded individuals, preparing them for life's challenges and opportunities.

- **APJ Abdul Kalam House :** Dreamers and doers, inspired by the Missile Man's vision.



- **Homi J Bhabha House :** Explorers and innovators, driven by curiosity and Excellence.




- **C V Raman House :** Creatives and performers, celebrating art and culture.



- **Vikram Sarabhai House :** Adventurers and eco-warriors, pushing limits and Protecting the planet.



## HOUSE BOARD



## STUDENTS SECTION 2025-26

• "SOF Olympiad Triumph! Our International Toppers Shining Bright — Hill View Public School."




## • ART &CRAFT AND CREATION SECTION-

### 1. हिन्दी दिवस पर कविता



Rituraj Baraik

सबसे प्यारी, सबसे न्यारी,
हिन्दी है राष्ट्रभाषा हमारी।

हमको लगती सबसे प्यारी,
हिन्दी से पहचान हमारी।

कश्मीर से कन्याकुमारी,
हिन्दी है संस्कृति हमारी।

हिन्दी है हम सबको प्यारी,
यह सम्मान की है अधिकारी।

हमको हैं सब भाषाएँ प्यारी,
पर हिन्दी है जान हमारी।

सब से प्यारी, सब से न्यारी,
हिन्दी है राष्ट्र भाषा हमारी।

### 2. माँ



Shristi Prasad

माँ की ममता वैसी है
जैसी दही में शक्कर
गुड़ बिन खिर भावे किसको
माँ बिन जीवन व्यर्थ
माँ से है संसार सभी का
खुश रख माँ को हरपल
माँ की ममता मिलती जिसको
जग में है खुशहाल वही

बच्चों पर जब आये आँच
तब है चंडी का रूप वही,
मनुष्य रूप में दिखती है वो
पर असल में है भगवान वही
माँ की ममता मिले जिसे
जीवन मे है खुशहाल वही।

### 3. सीखो



Saanvi Shreya

गिरने से रुकना नहीं है,
उठकर बढ़ते जाना है।
हार-जीत का खेल है जीवन
अनुभवों को लिखना सीखो।

हिम्मत हो अगर दिल में
पहाड़ भी झुक जाएगा।
सपनों की उड़ान लिए
उड़ते ही जाना है।

क्या खोजते हो दुनिया में
जब सब कुछ तेरे अंदर हो।

मुश्किलों की राह में
खुद को चलाना सीखो।

क्यों झाँकते हो औरो में,
जब निजमन ही दर्पण हो,
सपनों की गहराई समझो,
थाह लगाना सीखो।

राह में मुश्किलें होंगी हजार
तुम्हें डटकर उससे लड़ना होगा।
मंजिल तभी प्राप्त होगी।
प्रयास निरंतर करना सीखो।



Kshitij Suryansh

### 4. Kargil Vijay Diwas

Up high on Mountain
Snowly & Cold
Our Soldiers fought,
Brave and Bold


They fought for our Country
With all their Might
Defending our Border
Day and Night

Shreyansh

### 5.



6. Anurag Sharma



7. Rudra Nayak



8. Anusha N. Gupta



SOF OLYMPIADS

### Hillview Public School Simdega

**Consistent Performers (From 2021 to 2026)**

**in SOF INTERNATIONAL OLYMPIAD-**

- Anmol Singhal
- Anusha Namya
- Sejal Agarwal
- Sidharth Mehar
- Utkarsh Rraj
- Rachit Agarwal
- Rudra Rajveer





Nine Years of Learning, Nurturing Dreams & Achieving Success.

## SOCIAL SERVICE

### वृद्धाश्रम भ्रमण (सामाजिक सेवा गतिविधि):



Hillview Public School के विद्यार्थियों द्वारा सत्र के दौरान एक वृद्धाश्रम का शैक्षिक एवं सामाजिक भ्रमण किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा-भाव, करुणा तथा बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना का विकास करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया, उनकी जीवनानुभूतियों को सुना तथा उन्हें अपनत्व और सम्मान का अनुभव कराया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं संवाद ने वातावरण को भावनात्मक एवं प्रेरणादायी बना दिया। यह गतिविधि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल रही।

### छठ पूजा के अवसर पर निःशुल्क वाहन सेवा (सामुदायिक सेवा):

छठ पूजा जैसे पावन पर्व के अवसर पर Hillview Public School द्वारा श्रद्धालु व्रतियों एवं आम नागरिकों की सुविधा हेतु निःशुल्क वाहन सेवा उपलब्ध कराई गई। इस सेवा का उद्देश्य पूजा स्थलों तक सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित करना था। विद्यालय परिवार की इस पहल से अनेक श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा प्राप्त हुई। यह सेवा विद्यालय की सामाजिक प्रतिबद्धता, सेवा-भाव तथा जनकल्याण के प्रति सजग दृष्टिकोण को दर्शाती है।

## SAFAL & VVM- 2025

हिलव्यू पब्लिक स्कूल, सिमडेगा के विद्यार्थियों ने SAFAL एवं VVM परीक्षाओं में दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन - विद्यालय का नाम राष्ट्रीय पटल पर उज्जवल।



हिलव्यू पब्लिक स्कूल, सिमडेगा के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक वर्ष 2025 में आयोजित दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय शैक्षणिक मुल्यांकन - CBSE द्वारा संचालित SAFAL (Structured Assessment for Analyzing Learning) परीक्षा तथा विज्ञान एवं प्रायोगिकी मंत्रालय समर्थित Vidyarthi Vigyan Manthan (VVM) - में अद्वितीय प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले का गौरव बढ़ाया है। हिलव्यू के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने इस परीक्षा के प्रभारी श्री हेमंत कुमार के नेतृत्व में "विद्यार्थी विज्ञान मंथन' (VVM) की प्रथम चरण की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन तो दिखाया ही साथ ही हमारे विद्यालय की कक्षा सातवीं के छात्र अनमोल अग्रवाल ने इस परीक्षा के दूसरे चरण को भी पार कर सफलता हासिल की तथा विद्यालय का नाम पूरे जिले में गौरवान्वित किया। इस जिले में दूसरे चरण को पार करने वाला यह प्रथम छात्र हिलव्यू के अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के प्रति दृढ़निश्चय की पराकाष्ठा को दर्शाता है।




सभी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि विद्यार्थियों की यह सफलता विद्यालय के अनुशासित वातावरण, समर्पित शिक्षकों की निष्ठा, सतत् मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी परीक्षाएँ विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करती है जो उनके उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

## GRANDPARENT'S DAY CELEBRATION

### विद्यालय में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया "ग्रैंडपेरेंट्स डे"



हिलव्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा में आज "ग्रैंडपेरेंट्स डे" का भव्य आयोजन बड़े हर्षोल्लास और भावनात्मक माहौल में किया गया। इस विशेष अवसर पर कक्षा नर्सरी से 2 तक के विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना-नानी को विद्यालय में सादर आमंत्रित किया गया। विद्यालय परिसर को सुंदर पुष्पमालाओं, गुब्बारों और रंगीन झंडियों से सजाया गया था। वातावरण में बच्चों की प्रसन्नता और बड़ों के स्नेह की सुगंध व्याप्त थी।



कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य और दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय के प्रबंधक महोदय एवं प्रधानाचार्या महोदया ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि "बुजुर्ग हमारे समाज की जड़ें हैं, जिनसे हमें संस्कार, अनुभव और जीवन के मूल्य प्राप्त होते हैं।" इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए — छोटे बच्चों ने गीतों और कविताओं से सबका मन जीत लिया, वहीं बड़े बच्चों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से दादा-दादी के स्नेह और त्याग को दर्शाया।

कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक क्षण वह था जब बच्चों ने अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी को अपने हाथों से बने ग्रीटिंग कार्ड और फूल भेंट किए। कई बुजुर्गों ने अपने अनुभव भी इस पर साझा किए, कई बुजुर्गों की आँखें अपने पोते-पोतियों के स्नेह से भर आईं। तत्पश्चात सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

समारोह के अंत में शिक्षिकाओं ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल परिवारों को जोड़ते हैं बल्कि बच्चों में संस्कार, कृतज्ञता और आदर की भावना को भी प्रबल करते हैं।

पूरे आयोजन ने विद्यालय परिवार को एक भावनात्मक और संस्कारपूर्ण अनुभव प्रदान किया जो सभी के मन में लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा।

## DIWALI ACTIVITY -

*"Illuminating Creativity: Diwali Craft Workshop."*








"Students crafted radiant lanterns and decorative rangolis during the 'Illuminating Creativity' workshop, celebrating the festival of lights while nurturing artistic talent."

- "The 'Joyful Lights' storytelling session invited pupils to share traditional Diwali tales, fostering cultural appreciation and confident public speaking."

## Kargil Diwas Celebrations -

- "Students paid heartfelt tribute to the brave martyrs during the 'Tribute to Heroes' assembly, echoing patriotic poems and solemn candle-light reflections."

- "Young artists and writers illuminated the spirit of courage in the 'Patriotic Art & Essay Competition', showcasing vivid paintings and stirring narratives."

- "The interactive talk on the Kargil victory brought veterans into the classroom via live-stream, inspiring students with first-hand accounts of valor."

## CO-CRRICULAR ACTIVITIES

### 1. विविधता ही हमारी पहचान, एकता ही हमारी जान!



एकता में शक्ति – हिलव्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा में आयोजित हुआ 'Unity Fest'

"विविधता में एकता ही हमारी असली पहचान है" हमारे विद्यालय में आयोजित Unity Fest ने यह साबित कर दिया कि जब संस्कृतियाँ मिलती हैं तो उत्सव और भी भव्य हो जाता है। यह महोत्सव हमें याद दिलाता है कि हमारी भाषा, संस्कृति और परंपराएँ चाहे अलग हों, पर दिलों की धड़कन हमें हमेशा एक करती है।विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा और नृत्य प्रस्तुत कर 'विविधता में एकता' का अद्भुत संदेश दिया।प्रतियोगिताएँ, पोस्टर निर्माण और समूहगीत ने माहौल को जीवंत बना दिया।



"एकता ही हमारी शक्ति है।" यह संदेश हमें याद दिलाता है कि अगर हम सब मिलकर चलें तो हर कठिनाई आसान हो जाती है।

विविधताओं के बावजूद एक-दूसरे का सम्मान ही हमें सशक्त बनाता है।इसके जरिए हम आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाते हैं कि अलग-अलग रंग मिलकर ही इंद्रधनुष बनते हैं।

## PLAY GROUP

### 1. हिलव्यू पब्लिक स्कूल का प्ले ग्रुप:-

**नन्हे कदमों से उज्ज्वल भविष्य की ओर :** हिलव्यू पब्लिक स्कूल का प्ले ग्रुप छोटे बच्चों के लिए शिक्षा की दुनिया में प्रवेश का पहला और सबसे महत्वपूर्ण चरण है। यहाँ बच्चों को एक सुरक्षित, स्नेहपूर्ण एवं उत्साहवर्धक वातावरण प्रदान किया जाता है, जहाँ वे बिना किसी दबाव के खेल-खेल में सीखते हैं। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों में सीखने के प्रति रुचि विकसित करना और उनकी स्वाभाविक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना है।




प्ले ग्रुप में रंग-बिरंगी कक्षाएँ, रोचक शैक्षणिक खिलौने, गीत-संगीत, नृत्य, चित्रकला, कविता पाठ, कहानी सुनाना तथा समूह गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग, साझा करना और अच्छे संस्कारों की प्रारंभिक सीख प्राप्त करते हैं।

हिलव्यू पब्लिक स्कूल का प्ले ग्रुप बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखता है और उन्हें आगे की शिक्षा के लिए तैयार करता है। यह बच्चों के लिए केवल एक कक्षा नहीं, बल्कि सीखने, मुस्कुराने और आगे बढ़ने का एक आनंदमय संसार है।



## BATCH 2025-2026

### First Flight of Hillview Public School Simdega



## सिखने का अनुभव कक्षा से बाहर

### हिलव्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा का शैक्षणिक भ्रमण:




Air Show 2025 at Ranchi Army Ground

हिलव्यू पब्लिक स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया जाता रहा है। यात्रा का उद्देश्य छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ना तथा उनके भीतर जिज्ञासा, अवलोकन क्षमता और सीखने की भावना को विकसित करना होता है।




Educational Tour to Netarhat - 2025

भ्रमण के दौरान विद्यार्थी विभिन्न शैक्षणिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कर ज्ञान प्राप्त करते हैं। उन्हें विभिन्न स्थानों की विशेषताओं, कार्यप्रणालियों और सांस्कृतिक महत्व को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त होता है। अनुशासन, सहयोग, समय प्रबंधन और सामाजिक व्यवहार जैसी महत्वपूर्ण जीवन-कौशलों को भी बच्चों ने सुदृढ़ किया।

## SPORTS & HEALTH

### हिलव्यू पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेल दिवस

*खेलों का उत्सव और टीम भावना का जश्न!*






हिलव्यू पब्लिक स्कूल में प्रतिवर्ष वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। विद्यार्थी दौड़, कूद और टीम खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हैं जिससे उनमें टीम वर्क की भावना का प्रचार-प्रसार होता है। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाना उसके उत्साह को दुगना करता है।

खेल और मस्ती से भरा यह दिन सभी के लिए यादगार होता है।

### • रक्दान महादान




विद्यालय द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हिलव्यू पब्लिक स्कूल, सिमडेगा की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हुए एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया थाइस शिविर में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का परिचय दिया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सकीय टीम के सहयोग से पूर्ण सुरक्षा एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न हुआ। यह शिविर जरूरत मंदों के जीवन रक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ

### • वृक्षारोपणकार्यक्रम (Tarumitra Club):



Tarumitra Club के तत्वावधान में खिजरी पहाड़ पर एक वृक्षारोपण कार्यक्रम काआयोजन किया गया। इस कार्य क्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हरित चेतना, प्रकृति के प्रति संवेदन शीलता एवं पर्यावरणीय संतुलन के महत्व को समझाना था। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायी कदम सिद्ध हुई।

## क्यों बच्चों को मान्यता प्राप्त विद्यालय में पढ़ाना बहुत आवश्यक होता है?

**क्योंकि ऐसे विद्यालय सरकार और शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करते हैं। इसके मुख्य कारण निम्नलिखित हैं—**

1. **मान्य प्रमाण-पत्र :** मान्यता प्राप्त विद्यालय से प्राप्त अंकपत्र, प्रमाण-पत्र और स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (TC) आगे की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी कार्यों में वैध होते हैं।
2. **पाठ्यक्रम की गुणवत्ता :** ऐसे विद्यालयों में निर्धारित बोर्ड (CBSE/ICSE/State Board) का स्वीकृत पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है, जिससे बच्चों की शिक्षा स्तरानुकूल और संतुलित होती है।
3. **प्रशिक्षित शिक्षक :** मान्यता प्राप्त विद्यालयों में योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षक होते हैं, जो बच्चों के बौद्धिक, नैतिक और मानसिक विकास पर सही मार्गदर्शन देते हैं।
4. **सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण :** विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा, स्वच्छता, अनुशासन और स्वास्थ्य से जुड़े नियमों का पालन किया जाता है।
5. **सर्वांगीण विकास :** पढ़ाई के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, नैतिक शिक्षा और जीवन कौशल पर भी ध्यान दिया जाता है।
6. **भविष्य के बेहतर अवसर :** मान्यता प्राप्त विद्यालय से पढ़े छात्र उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं।
7. **अभिभावकों का विश्वास :** ऐसे विद्यालयों पर अभिभावकों का भरोसा होता है क्योंकि वे नियमों, गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हैं।

### 2017 में विद्यालय की स्थापना के पश्चात्, - हिलव्यू पब्लिक स्कूल सिमडेगा - सिमडेगा का 'ट्रेंडसेटर' स्कूल - कैसे ?

- सिमडेगा का पहला विद्यालय जिसने स्थापना के 6 वर्षों के छोटे अंतराल में ही CBSE सम्बद्धता (AFFILIATION ) लेकर एक नया आयाम स्थापित कर दिया। यह सिमडेगा का पहला विद्यालय है जिसके बच्चे पहले वर्ष से ही अपने विद्यालय से बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं। यह ज्वलंत उदाहरण है कि बच्चों के पढाई की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं
- यहाँ सिर्फ किताब ज्ञान नहीं शारीरिक विकास, स्वस्थ्य और बच्चों के खान पान पर भी पूरा जोर
- प्रत्येक वर्ग में सीमित संख्या, मात्र तीस छात्र - सिमडेगा में प्रथम प्रयास, ताकि प्रत्येक बच्चे पर शिक्षक उचित ध्यान दे सकें
- FREE TRIAL CLASS प्रारम्भ करने वाला प्रथम विद्यालय
- गुणवत्ता की आधारशिला, नव-क्रांति का प्रथम पग
- जहाँ परंपरा और प्रगति का मिलन होता है - बहुत से नवाचार - जैसे बच्चों को शहर भ्रमण के द्वारा पोस्ट ऑफिस, हॉस्पिटल इत्यादि की कार्यशैली समझाना - के लिए 'ट्रेंडसेटर'
- हिलव्यू पब्लिक स्कूल: जो मानक हम कल तय कर चुके हैं, अन्य उन्हें आज अपना रहे हैं
- केवल साक्षर बनाना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक तैयार करना
- अपने बच्चे को दें वह शिक्षा, जो उसे भीड़ से अलग बनाए - सिमडेगा में ही अंतरर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का प्रारम्भ। पिछले चार वर्षों से प्रति वर्ष कई रैंक होल्डर्स - हिलव्यू सिमडेगा से
- सिमडेगा के बच्चों को उच्च स्तरीय और उन्नत शिक्षा देने के लिए कृतसंकल्प - सिमडेगा में कंप्यूटर के साथ CODING और AI की शिक्षा सत्र 2027 से प्रारम्भ

**"शिक्षा का उद्देश्य बच्चे के शरीर, मन और आत्मा में छिपी श्रेष्ठता को बाहर लाना है।" — महात्मा गांधी**

- हमारा विद्यालय शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि जिम्मेदार, उत्पादक और उपयोगी नागरिक बनाने का संकल्प निभाता है।
- कक्षा में ऐसा वातावरण निर्मित किया जाता है जहाँ विद्यार्थी सोचें, प्रश्न करें, जाँचें, विश्लेषण करें और स्वतंत्र रूप से विचार विकसित करें।
- हम छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान करते हैं जहाँ वे अपनी प्रतिभा का सर्वोत्तम उपयोग कर सकें और अपनी कौशल क्षमता को निखार सकें।
- विद्यालय प्रबंधन की नवाचारी सोच—के सहयोग से हम प्रगतिशील, आधुनिक और मूल्य-आधारित शिक्षा को आगे बढ़ा रहे हैं।
- हमारा लक्ष्य है कि हर विद्यार्थी 21वीं सदी के कौशल, अनुभवात्मक अधिगम, और जीवन-कौशल आधारित शिक्षा के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार हो।
- संज्ञानात्मक (Cognitive), भावात्मक (Affective) और मनोदैहिक (Psychomotor) स्तरों पर सीखने को समृद्ध करने के लिए हम उन्नत शिक्षण विधियों और कला-संलग्न योजनाओं का उपयोग करते हैं।
- हम अपने विद्यार्थियों को वैश्विक नागरिकता की ओर अग्रसर करते हुए विकसित राष्ट्रों के समकक्ष खड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी विचार के साथ हम नई शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप परिवर्तन लागू कर रहे हैं।
- प्रिय अभिभावकों, हम आपको आमंत्रित करते हैं कि इस मिशन में सहभागी बनें—अपने बच्चे के समग्र विकास, मूल्य-संस्कार, और जीवन की संभावनाओं के विस्तार की यात्रा में साथ चलें।

